महत्वपूर्ण एवं खास

प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। कोटा इलाके के बड़ा भवानी नगर के सामने रेल पटरी में नाबालिग प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दी है। नाबालिग प्रेमी और प्रेमिका रायपुर के कोटा इलाके के ही रहने वाले हैं। इनके बीच पिछले 3-4 सालों से जान पहचान और प्रेम संबंध था। अब नाबालिग प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। नाबालिग प्रेमिका की उम्र 16 तो वहीं प्रेमी की उम्र 17 साल बताई जा रही है। शव का मर्ग कायम कर कबीर नगर थाना पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस ने शव का मर्ग पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कबीर नगर थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि बड़े भवानी नगर के रेलवे ट्रैक पर नाबालिगों ने खुदकर जान दी है। शवों का मर्ग कायम कर परिजनों को सूचना दी गई है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

खेत में पंप के लिए तार बिछाने के दौरान, हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से युवक की मौत

बिलाईगढ़। बिलाईगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि खेत में पंप के लिए तार बिछाने के दौरान ये हादसा हुआ है। जिसे मौके पर ही उसकी मौत हो गई है। बिलाईगढ़ पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई। मिली जानकारी के मुताबिक, हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। युवक खेत में पानी डालने के लिए पंप चालू करने के लिए तार बिछा रहा था कि उसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। थोड़ी देर के बाद गांव के कुछ लोगों ने युवक को देखा और इस बात की जानकारी फोरन पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची बिलाईगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही बताया जा रहा है कि युवक जिस खभ्भे से तार जोड़ रहा था उसमे काफी ज्यादा हाई वोल्ट करंट रहता जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक युवक का नाम राम कुमार 28 वर्ष दाऊ बंधान गाव निवासी बताया जा रहा है।

मुंबई पुलिस ने तीन कुख्यात शार्प शूटर्स को राजधानी रायपुर से किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से आज एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। दरअसल मुंबई पुलिस को यहां तीन कुख्यात शार्प शूटर्स को तलाश रही थी। इन शूटर्स पर फायरिंग कर और बंदूक के बल पर अवैध वसूली करने का आरोप है। मुंबई पुलिस की टीम ने पुख्ता सूचना पर रायपुर की तेलीबांधा पुलिस के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन कर मौलीपारा स्थित एक घर पर दबिश देकर शाहबाज उर्फ सद्दाम समेत 3 शूटरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। बताया जा रहा है कि ये शूटर्स मुंबई में वारदात को अंजाम देने के बाद रायपुर के मौलीपारा में किराए का मकान लेकर छिपे हुए थे। 6 जनवरी को इन शातिर शूटरों ने मुंबई के देवनार थाना इलाके में हीरा कारोबारी पर फायरिंग की थी और इसके बाद फरार हो गए थे। इन शूटर्स पर मुंबई के देवनार थाने में हत्या का प्रयास, फायरिंग और अवैध वसूली की धाराओं में मामला दर्ज है। अब पकड़े गए इन शूटर्स को मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड में रायपुर से मुंबई लेकर जायेगी।

माओवादियों ने की गोपनीय सैनिक की हत्या, शव फेंका सड़क पर

बीजापुर (आरएनएस)। माओवादियो ने की गोपनीय सैनिक की हत्या। हत्या कर शव को गंगालूर सड़क पर फेंक दिया है, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घटना कोतवाली क्षेत्र का , घटना की पुष्टि एडिशनल एसपी पंकज शुक्ला ने की है ।

राज्य में मिशन के रूप में संचालित है गोधन न्याय योजना - मुख्यमंत्री

» गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में किया जा रहा विकसित

» गौठानों में 148 तेलमिल और 188 दाल मिल की स्थापना की प्रक्रिया शुरू

» गौपालकों को जारी की गई 4.21 करोड़ रूपए की राशि

» गोधन न्याय योजना के तहत अब तक गोबर विक्रेताओं को हो चुका 122.17 करोड़ रूपए का भुगतान

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना को पूरे देश में एक आदर्श योजना के रूप में स्वीकार किया है। इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के राजपथ पर गोधन न्याय योजना की झांकी देश-दुनिया के लोग देखेगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को छत्तीसगढ़ राज्य में मिशन के रूप में संचालित किया जा रहा है। गांवों में स्थापित गौठानों में आजीविका के साधनों को बढ़ाने के उद्देश्य से यहां रूरल इंडस्ट्रियल पार्क तेजी से विकसित किए जा रहे है। गौठानों में अब तेल मिल एवं दाल मिल स्थापित किए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। प्रथम चरण में राज्य के 148 गौठानों में तेल मिल और 188 गौठानों में दाल मिल की स्थापना की जा रही है। इससे गौठानों में आय मूलक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री बघेल आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पशुपालक ग्रामीणों, गौठान समितियों और गौठानों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों को 4 करोड़ 21 लाख रूपए की राशि का ऑनलाइन भुगतान किया, जिसमें बीते एक पखवाड़े में क्रय गोबर के एवज में 2 करोड़ 76 लाख रूपए गौठान समितियों को 87 लाख रूपए और महिला स्व-सहायता समूहों को 58 लाख रूपए की लाभांश राशि शामिल है। गोबर खरीदी की एवज में अब तक गौपालकों को 122 करोड़ 17 लाख रूपए तथा गौठान समितियों को 45.31 लाख रूपए एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 29.46 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर राज्य में कृषि लागत को कम करने में मदद मिली है। फसल विविधीकरण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है और कृषि उत्पाद के प्रोसेसिंग की व्यवस्था गौठानों में कर रहे है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने गौठानों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद तैयार करने में जुटी महिला स्व-सहायता समूह की सराहना की और कहा कि हमारी महिला बहनों ने अब तक 10.38 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट तथा 4.36 लाख क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट खाद तैयार किया है, जिससे राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है और रासायनिक उर्वरकों की कमी को भी पूरा करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि गौठानों में आय की विविधगतिविधियों को अपनाकर हमारी महिला बहनों ने अबतक 50 करोड़ 57 लाख रूपए की आय अर्जित की है। इससे महिला समूहों में स्वावलंबन के प्रति एक नया आत्मविश्वास जगा है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने गोधन न्याय योजना की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 10591 गौठान स्वीकृत किए गए है, जिसमें से 7,933 पूर्ण रूप से संचालित है। गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में अब तक 61.07 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन, विक्रय एवं अन्य आय मूलक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, गोधन न्याय योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक उद्यानिकी माथेश्वरन वी., संयुक्त सचिव कृषि के.सी. पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नक्सलियों ने किया सड़क निर्माण के कार्य में लगे 12 वाहनों को आग के हवाले

कांकेर (आरएनएस)। महाराष्ट्र सीमा पर नक्सलियों ने एक बार फि र से उत्पात मचाया है। गढ़चिरौली में नक्सलियों ने 12 वाहनों को आग के हवाले कर दिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद नक्सली भाग निकले हैं। ये सभी गाड़ियां सड़क निर्माण कार्य में लगी थी। शुक्रवार को नक्सलियों ने बस्तर के बीजापुर जिले में भी 3 वाहनों को जला दिया था। कांकेर सीमा पर इरपानार से पेंडूंगा मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं पेंडूंगा गढ़चिरौली में शुक्रवार को भी यहां मजदूर दोपहर काम कर रहे थे। इसी बीच बड़ी संख्या में नक्सली पहुंचे और उन्होंने मजदूरों को वहां से हटने के लिए कह दिया। इसके बाद 9 ट्रैक्टर, 2 जेसीबी और ग्रेडर वाहन को जला दिया। गाड़ियों में आग लगाने के बाद नक्सली वहां से जंगल का सहारा लेकर भाग निकले।

तीन दुकानों का ताला तोड़कर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

जांजगीर। जिले में चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर चोरी कर ली। अंदर रखा नकद, सामान चोर ले उड़े हैं। एक ज्वेलरी शॉप में तो चोर तीसरी बार घुसे थे। पूरे घटना के बाद अब व्यापारियों में भारी नाराजगी है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को बिलासपुर शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर स्थित विश्राम गृह पामगढ़ के पास की दुकानों को चोरों ने अपना निशाना बनाया। रात को दुकानदार दुकान बंद करके चले गए थे। इसके बाद ही चोर रात को यहां घुसे थे।

बताया गया कि चोरों ने पूर्णिमा ज्वेलर्स का ताला तोड़कर अंदर रखा सामान पार कर दिया है। इसके अलावा चोरों ने इसी दुकान से सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी पार किया है। हालांकि अंदर से और क्या-क्या सामान गायब हुआ है। इस बात का पता नहीं चल पाया है। दुकान संचालक का कहना है कि लगातार तीसरी बार चोरों ने दुकान में घुसकर चोरी कि लेकिन अब तक पुलिस ने चोरों को नहीं पकड़ सकी है। पूर्णिमा ज्वेलर्स के सामने की दुकान संतोष जनरल स्टोर में भी चोरों ने चोरी की है। यहां चोरों ने जनरल स्टोर का सामान और कुछ नगद उड़ा दिया है। इसी दुकान से लगे हुए कविता टेलर्स की दुकान पर भी चोरों ने हाथ साफ किया है। इसके अलावा चोर कपड़े दुकान में भी घुसे थे। मगर चोर उस दुकान का ताला ही नहीं तोड़ सके। इस मामले का पता दुकानदारों को तब चल पाया। जब आस-पास के दुकानदारों ने सुबह अपनी दुकाने खोली। उन्होंने देखा कि दुकान के ताले टूटे हुए हैं। लेकिन दुकान का शटर बंद है। इसके बाद ही उन्होंने इस बात की जानकारी दुकान मालिकों को दी। साथ ही पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच चोरी गए सामान की आंकल में जुटी है वहीं दुकान के आस-पास लगे कैमरों की जांच की जा रही है।

दंतेश्वरी मंदिर के दान पेटी से 13 लाख 77 हजार 970 रुपये निकली

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। मां दंतेश्वरी मंदिर के दान पेटी से 13 लाख 77 हजार 970 रुपये की दान की राशि निकाली गई। दान पेटी में से नगद राशि के अलावा भक्तों की मुरादों की अर्जियां भी निकली है। श्रद्धालुओं ने नौकरी, संतान, घर की सुख समृद्धि के लिए अर्जी लगाई थी। मंदिर के पुजारी जीया ने बताया कि कोरोना काल की वजह से दंतेश्वरी मंदिर में चढ़ने वाले चढ़ावे में काफी कमी आई है। कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए श्रद्धालु दंतेश्वरी के दरबार कम ही पहुंच रहे हैं। जिसका असर दान पेटी पर भी पड़ा है। इस बार दान पेटी से 13 लाख 77 हजार 970 रुपये की राशि निकली है।

हाइवा और ट्रक में हुई भिड़ंत, हाइवा में आग लगी तो चालक ने कुदकर बचाई जान

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले में शुक्रवार की रात हाइवा और ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे के बाद हाइवा में आग लग गई और जलकर खाक हो गई है। घटना के बाद हाइवा का चालक फरार हो गया। जबकि दूसरे ट्रक के ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से आग को काबू में किया।

सकरी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के पुर्स्लिया जिले के धटाड़ा में रहने वाला ड्राइवर हैं। वह दीपका में एबीसी कंपनी की ट्रक को चलाता है। शुक्रवार की शाम वह हाइवा में कोयला लेकर रायपुर जाने के लिए निकला था। घटना रात करीब 8.15 बजे की है। ट्रक सकरी क्षेत्र के ग्राम पांड के पास पहुंची थी। उसी समय सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने ट्रक को टक्कर मार दी। हादसा के बाद ट्रक में आग लग गई। किसी तरह चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। वहीं ठोकर मारने वाला चालक भी कूदकर फरार हो गया।

दोनों गाडियों में जबरदस्त टक्कर लगने के बाद हाइवा के इंजन में आग लग गई। माना जा रहा है कि टक्कर के बाद चिंगारी उठने से इंजन में शॉर्ट सर्किट हुआ होगा और आग लग गई। ट्रक को जलते देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस के साथ ही नगर सेना के दमकल को इस घटना की जानकारी दी गई। दमकल की मदद से आग को काबू में किया गया। लेकिन, तब तक हाइवा बुरी तरह से जल चुका था।

महिला को गोली मारकर कर दी हत्या, जांच में जुटी पुलिस

कवर्धा (आरएनएस)। कवर्धा जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। रात के वक्त महिला घर पर अकेली थी। इसी वक्त अज्ञात ने उसे गोली मारी है। घरवालों को महिला की खून से लथपथ लाश मिली। मौके से देसी कट्टा भी बरामद किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात को सनकपाट निवासी सरिता काठले 29 वर्ष पति विजय काठले घर पर अकेली थी। घर के लोग काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उसे किसी ने उसे गोली मारकर हत्या कर दी। घरवाले जब देर रात को लौटे। तब उन्होंने जमीन पर पड़ी हुई महिला की लाश देखी। महिला के शरीर से काफी खून बह चुका था। उसके पेट में गोली मारी गई थी। घटना रात के वक्त 10 से 12 बजे की बीच की बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस को सूचन दी गई है। खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद मौके से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। शनिवार को एफएसएल की टीम भी मौके पर गई थी। पुलिस अब इस मामले की जांच में जुटी है।

प्रदेश में 23 को न्युनतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में आज मौसम शुष्क बना हुआ है, वहीं 23 जनवरी को भी मौसम शुष्क बने रहने के साथ न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है।

स्थानीय मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया किपश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पश्चिम राजस्थान के उपर एक निम्न दाब का क्षेत्र बना है और इसके साथ उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 1.5 किमी ऊंचाई तकविस्तारित है। पाकिस्तान के उपर बना हुआ है। इसके कारण प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त गरम हवा आ रही है जिसके कारण एक हवा का सम्मिलन क्षेत्र बनने की सम्भावना है। इसके कारण प्रदेश में कल 23 जनवरी न्युनतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की सम्भावना है। जबकि अधिकतम तापमान में सार्थक गिरावट होने की सम्भावना है।

23 जनवरी को प्रदेश के सरगुजा और बिलासपुर सम्भाग के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा कुछ स्थानों पर होने की सम्भावना है। एक दो स्थानों में गरज चमक के साथ ओला वृष्टि होने की सम्भावना है। दुर्ग और रायपुर संभाग के उत्तर में स्थित जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है । दुर्ग और रायपुर संभाग के शेष भाग और बस्तर संभाग के उत्तर भाग में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटें पड सकते हैं। 24 जनवरी को प्रदेश के सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में तथा बस्तर संभाग के जिलों में हल्की वर्षा होने की सम्भावना है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

शहर में अब कुत्तों की खैर नहीं महापौर नीरज पाल के निर्देश पर कुत्तों की धरपकड़ प्रारंभ

» पालतु कुत्ता सार्वजनिक स्थल पर करेगा गंदगी तो मालिक को भरना पड़ेगा जुर्माना

भिलाई (आरएनएस)। महापौर नीरज पाल के निर्देश पर अब आवारा कुत्तो की खैर नहीं। इसके लिए खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के प्रयासो से आवारा कुत्तों को पकड़कर डॉग हाउस में भेजा जायेगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्यआदेश भी जारी हो गया है। कुत्तो को पकड़कर डॉग हाउस में रखा जायेगा और उनका वहां डॉक्टर बधियाकरण भी करेंगे ताकि कुत्तों की जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सके। कुत्तो को पकड़ने का काम भी एजेंसी ने प्रारंभ कर दिया है, इसके लिये 10 लोगो की टीम बनाई गई है तथा कुत्तो को मोहल्लो और सार्वजनिक स्थानो से पकड़ने के लिये आवश्यक संसाधन एवं विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। शहर में अब तक 50 से अधिक कुत्तो को पकड़ा जा चुका है और अब इन कुत्तों का बधियाकरण किया जायेगा।

पालतु कुत्ता सार्वजनिक स्थान में करेगा गंदगी तो भरना पड़ेगा जुर्माना - पालतु कुत्तो पर भी निगम की अब नजर होगी। सार्वजनिक स्थानो पर अगर पालतु कुत्ता गंदगी करते पाया गया तो कुत्ते के मालिक पर जुर्माना लगेगा और कुत्ता मालिक को अर्थदण्ड भरना पड़ेगा, दोबारा गलती करने पर डबल जुर्माना भरना पड़ेगा। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इस संबंध में अधिकारियों के निर्देश जारी किये है। यहीं नहीं खुले पर कचरा फेंकने पर तथा निर्माण एवं विध्वंश के कचरे फैलाने पर भी कार्रवाई की जायेगी। निगम आयुक्त ने सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को इस पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश प्रसारित किये है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारी तेज - स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारी भी तेज हो गयी है। निगम आयुक्त सर्वे ने सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियो को निर्देश दिये गये है। निर्देश देते हुये कहा है कि गार्बेज फ्री सिटी, स्टार रेटिंग के अंतर्गत ओडीएफप्लस-प्लस को देखते हुये भारत सरकार द्वारा जारी टूलकिट के निर्देशानुसार काम किया जाना है। इसके लिये सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयो में आवश्यक व्यवस्था, तालाबो के आस पास के क्षेत्रो की सघन सफाई, बैरन एरिया, खुले मैदान, ओडी स्पॉट, नालियो की सफाई, नाली में जाली, सेप्टिक टैंक की सफाई इत्यादि ओडीएफप्लस-प्लस के प्रोटोकॉल, अनुसार कार्य करने अधिकारियो को निर्देश दिये गये है।